चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

संदर्भ : सीक्रेसी विभाग/S-42
दिनांक : 02.09.2023

आवश्यक/महत्वपूर्ण

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/नोडल अधिकारी,
स्नातक स्तर के एन0ई0पी0 सम सैमेस्टर परीक्षा जून-2023 हेतु
निर्धारित समस्त नोडल/परीक्षा केन्द्र,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग के पत्रांक : **NEP-2020 Exam/June 2023/8187** दिनांक 28.08.2023 द्वारा परीक्षा कार्यक्रम मेंकिये गये संशोधन के अनुसार ही प्रश्न-पत्रों के सील्ड पैकेट्स को खोलकर उपयोग किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में सूच्य है कि मुद्रित प्रश्न-पत्र सम्बन्धी गोपनीय सामग्री विश्वविद्यालय के सीक्रेसी विभाग द्वारा काफी समय पहले तैयार करा ली जाती है, और गोपनीयता की दृष्टि से सील्ड कार्टन बॉक्स को खोलकर संशोधित परीक्षा कार्यक्रमानुसार पैकेट्स पर परीक्षा तिथि/समय संशोधित किया जाना सम्भव नहीं हो पाता है।

अतः इस परिप्रेक्ष्य में आपसे सहयोग की अपेक्षाओं के साथ अनुरोध करना है कि विश्वविद्यालय परीक्षा अनुभाग द्वारा प्रेषित पत्र पत्रांक **NEP-2020 Exam/June 2023/8187** दिनांक 28.08.2023 का सावधानी पूर्वक अवलोकन करते हुए प्रश्न-पत्रों के सील्ड पैकेट्स पर अंकित तिथि व समय, यथावत अथवा संशोधन करते हुए उनका उपयोग संशोधित परीक्षा कार्यक्रम से मिलान करते हुए सुनिश्चित करें।

सहयोग की अपेक्षाओं के साथ।
असुविधा के लिए खेद है।

भवदीय,

02.09.2023

कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

संदर्भ : सीक्रेसी/S-43
दिनांक : 02.09.2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्राधीक्षक/नोडल अधिकारी,
स्नातक स्तर (NEP) की सम सैमेस्टर परीक्षा जून–2023 हेतु
निर्धारित समस्त नोडल/परीक्षा केन्द्र,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : माईनर इलैक्टिव कोर्स **Fundamentals of Enterpreneurship** से सम्बन्धित मुद्रित प्रश्न–पत्र पर गलत कोड मुद्रित हो जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में कृपया संज्ञान लें कि दिनांक 06.09.2023 को द्वितीय पॉली में आयोजित होने वाली माईनर इलैक्टिव कोर्स **Fundamentals of Enterpreneurship** से सम्बन्धित मुद्रित प्रश्न–पत्रों के जो सील्ड पैकेट्स आपको प्राप्त कराये गये हैं, उन मुद्रित प्रश्न–पत्रों पर प्रश्न–पत्र कोड **QC010404T** के स्थान पर त्रुटिवश **QC010403T** मुद्रित हो गया है। अतः इस परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि निर्धारित परीक्षा तिथि को परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व सही प्रश्न–पत्र कोड **QC010404T** अंकित कराने हेतु कक्ष निरीक्षक को निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि परीक्षार्थियों को भविष्य में किन्ही दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

सदैव की भांति सहयोग की अपेक्षाओं के साथ प्रेषित
असुविधा के लिए खेद है।

भवदीय,

02.09.2023

परीक्षा नियंत्रक